## खबर संक्षेप

### महिला के खाते से गायब हुए 19 हजार रुपये

**ढीमरखेड़ा।** सिलौड़ी में एक महिला आधार अपडेट कराने गई और ठगी का शिकार हो गई। पीड़िता महिला ने कटनी पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर खाते से गायब हुए रुपये वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिलौड़ी निवासी पीड़िता रानी साहू ने शिकायत करते हुए बताया कि वह गांव में ही एक दुकान पर आधार अपडेट कराने गई थी। जहा पर दो युवकों ने मशीन में अंगूठा लगवाया और कहा कि तीन दिन में आधार अपडेट हो जाएगा।
महिला ने तीन दिन बाद खाता चैक कराया तो पता चला कि उसके खाते से करीब 19 हजार रुपये निकल गए हैं। अब खुद के रुपये पाने परेशान पीड़िता ने पुलिस की सहायता ली है।

### शिवानी पटेल ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सिलौंडी।** एक किसान की बेटी और क्षेत्र की जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल की बेटी शिवानी पटेल ने 10वी की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । सरस्वती शिशु मंदिर पान उमरिया में पढ़ने वाली एक छोटे से गांव की बेटी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

### आपातकालीन स्थिति से निपटने और व्यवस्थाओं को परखने राहत एवं बचाव का हुआ मॉक ड्रिल

# साधूराम विद्यालय में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी

### पल-पल की गतिविधि पर कंट्रोल रूम से रखी जा रही थी नजर, कलेक्टर एवं एसपी ने राहत शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आपातकालीन परस्थितियों से निबटने के लिए बुधवार को प्रशासन और पुलिस अमला पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा कि मॉकड्रिल सामान्य प्रक्रिया है। इसमें कोई पैनिक न करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यीन न दें। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से बुधवार को सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक "मॉकड्रिल" किया गया। मॉकड्रिल के दौरान कटनी शहर के पूर्व चयनित स्थान क्रमशः साधुराम स्कूमल, पुराना कोर्ट परिसरएवंसमकित अपार्टमेंट में एक नियत अंतराल पर आपातकालीन स्थितियां निर्मित कर राहत, बचाव एवं उपचार कार्य किया गया।

कटनी नगर स्थित साधुराम स्कूतल परिसर मे आपातकालीन स्थिति से निपटने मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के तहत आग लगने के



कारण आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर निगम तथा अग्निशमन सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमें तत्काउल मौके पर पहुंचीं। पूरे मॉक ड्रिल की निगरानी स्वंयं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टअर साधना परस्तेर, अतिरिक्तच पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे मौके पर मौजूद रहे।

मॉकड्रिल के दौरान सभी विभागों ने समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्यों का सफल क्रियान्वौयन किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्री दुबे सहित नगर निगम के अग्निशमन विभाग, अन्य विभाग और एसडीआरएफ की टीम, नागरिक सुरक्षा बल, एनसीसी, अतिक्रमण दस्ता, एंबुलेंस सहित जिला चिकित्ससकों की टीम मौके पर मौजूद रहीं। बुधवार को



दोपहर 4 बजे के आस-पास जब कन्ट्रोल रुम से सूचना मिली की पुरानी कचहरी परिसर में भीषण आग लगी है जिस पर संबंधी विभाग अपने संसाधनों के साथ तत्काल वहां पहुचा और बचाव के उपायों को अपनाने का अभ्यास किया गया।

कलेक्टर श्री यादव के मार्गदर्शन में संचालित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति में नागरिकों के राहत एवं बचाव की तैयारियों का मॉक ड्रिल किया गया।

आपातकालीन स्थिति से निपटनें एवं नागरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए माकड्रिल के द्वितीय चरण के तहत किसी बिल्डिंग के क्षतिग्रस्त होनें की दशा में रेस्क्यू ऑपरेशन का आयोजन पुराना कोर्टपरिसर तथा सिविल लाइन स्थित समकित अपार्टमेंट में किया गया। इस दौरान पुराने कोर्ट परिसर में आपातकाल की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नागरिक सुरक्षा हेतु डेमेज हुई बिल्डिंग से लोगों को लिफ्टिंग के माध्यिम से बाहर निकालनें का रेस्क्यू और टेंपरेरी अस्पताल बनानें



की माकड्रिल का अभ्यास किया गया। इसी तरह समकित अपार्टमेंट में संभावित दुर्घटना को देखते हुए अपार्टमेंट में निवासरत महिला, पुरूष, युवाओं एवं बच्चों को एवं को सीढ़ियों के माध्येम से सुरक्षित बाहर निकाला जाकर नालंदा स्कूपल में बनाये गये अस्थाोयी राहत केन्द्र में बस के माध्य म से भेजा गया।

मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टहर ने नालंदा स्कूल में बनाए गए अस्थााई राहत शिविर का निरीक्षण किया और यहां लाये गये लोगों से चर्चा भी की। साथ ही लिए उपलब्धा भोजन एवं अन्य व्येवस्थायओं का भी जायजा लिया।

### सांसद व्हीडी शर्मा ने कहा कि जन समर्थन एवं सहयोग प्रशंसनीय

# प्रशासनिक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में जन समुदाय ने भी स्वफुर्त दिया अपना सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत भी सख्त रूख अपनाएं हुए है। आपात स्थितियों से निबटने के लिए न सिर्फ प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर अलर्ट एवं व्यवस्थाओं दुरूस्त रखने तैयारियां मुकम्मल हैं बल्कि आम नागरिकों को भी आपदा के समय कैसे बचाव करना है इसकी जानकारी दी जा रही है। बुधवार को शाम 7:30 बजे आयोजित मॉकड्रिल में नागरिकों को सुरक्षित करने के लिये ब्लैकाऊट किया गया। सडक की स्ट्रीट लाईट बंद होने के साथ ही शहर के हर घर दुकानों में दुकानदारों ने स्वस्फूर्त लाईट बंद करके सहयोग दिया। पुलिस प्रशासन के अधिकारी



चौराहों पर तैनात रहे तथा सडक पर चलने वाले वाहन जहाँ के तहाँ थम गये।लोगों ने सडक पर उतरकर जयहिंद के नारे लगाये। मिशन चौक, सुभाष चौक, दिलबहार चौक, गर्ग चौराहे में वाहनों की कतार लग गयी। सायरन की आवाज शहर में गूंजी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी जिले में 4 घण्टे की सिविल डिफेंस मॉकड्रिल में जनता जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने आज मॉकड्रिल एवं ब्लेक आउट के दौरान जिस स्फूर्त रूप से अपना सहयोग व समर्थन दिया वह प्रशंसनीय है। श्री शर्मा ने बताया कि कटनी को प्रदेश के 5 उन जिलों में शामिल किया गया था जहां भारत सरकार के द्वारा युद्ध की परिस्थितियों से निपटने की तैयारी के फलस्वरूप मॉकड्रिल गई थी।

कटनी के शहरी क्षेत्र एवं चारों विधानसभा में सरकार के द्वारा जारी निर्देश का पालन करते हुए लोगों ने अपना सहयोग दिया। सायं 7, 30 बजते ही स्थानीय नागरिकों ने घरों दुकानों संस्थानों यहां तक कि छोटे छोटे व्यवसायियों ने भी बिजली बंद कर ली शहर में वाहन चालक जहां थे वहीं पर रुक गए। सांसद ने कहा कि जनता की यह सहभागिता दर्शाती है कि वह किसी भी आपात स्थिति का डटकर मुकाबला करेगी।

# कारीतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में गुरुवार 8 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

### कलेक्टर स्वयं करते हैं समीक्षा

कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई के अलावा गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यिा में होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### लोगों ने स्वेच्छा से घरों, दुकानों, संस्थानों और सड़कों में दौड़ रहे वाहनों की बंद रखी लाइट

# जिले में शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की बुधवार शाम को नागरिकों से ब्लैक आउट करने की, की गई अपील के बाद कटनी वासियों द्वारा अपने नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन की मिसाल पेश करते हुए शाम 7.30 बजे से शाम 7.42 बजे तक घर, दुकान, संस्थान के अलावा सड़कों में दौड़ रहे वाहनों की लाइट बंद कर समग्र ब्लैक आउट किया गया।

इस दौरान समूचा कटनी जिला गहरे अंधेरे के आगोश में समाया रहा। कटनी शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी नागरिकों ने स्व-स्फूर्त अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों की विद्युत आपूर्ति को बंद कर जिला प्रशासन



के ब्लैक आउट के आह्वान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे मौके पर मौजूद रहे।

आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मॉक ड्रिल की गतिविधि के तहत बुधवार शाम 7:30 बजे से 7:42 बजे तक 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया। इस दौरान ब्लैक आउट प्रारंभ होनें की सूचना नगर के विभिन्न स्थलों में रेड अलर्ट सायरन बजाकर दी गई। रेड अलर्ट सायरन बजने पर पूर्व सूचना अनुसार नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से अपने घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी को बंद किया गया तथा सड़क पर चल रहे वाहनों को भी वाहन चालकों ने स्थल पर ही खड़ा कर प्रतिबद्धता जाहिर की।

वाहनों की हेडलाइट और बैकलाइट को बंद निर्धारित समय 12 मिनट पश्चात 7:42 बजे ग्रीन अलर्ट सायरन बजाया जाकर नागरिकों को आल क्लीयर का संदेश दिया गया। जिसके बाद नागरिकों द्वारा अपने घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी पुनः चालू की गई।

### जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे न ही प्रशासन, लोग परेशान

# डाक्टरविहीन सरकारी अस्पतालों से बैरंग लौट रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले का सबसे दूरस्थ, पिछड़ा और अनुसूचित जाति जनजाति आबादी बाहुल्य ढ़ीमरखेड़ा तहसील के 35 उपस्वास्थ्य केन्द्र सहित 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डाक्टर तो दूर स्वीकृत स्टाफ की सेवाओं के लिये भी तरस रहे है। जनोपयोगी सुविधाओं के प्रति हर जिम्मेदार का उदासीन रवैया बरकरार है। अंचल की चरमराई चिकित्सा सेवाओं का खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि झोलाछाप चांदी काट रहे है।

गौरतलब है कि 73 ग्राम पंचायतों वाले ढ़ीमरखेड़ा विकासखंड में कहने के लिये तो एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान, ग्राम खमतरा, झिन्ना पिपरिया, सिलौड़ी तथा कछारगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के अलावा चिन्हित 35 बड़ी पंचायतों में उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। लेकिन शासन के तय मानको के तहत ग्रामीणो को यहां चिकित्सा सेवाये नही मिल पा रही है। खमतरा और सिलौडी में तो डाक्टर तक की पदस्थापना नही है। नतीजन ग्रामीणों को बीमार होने पर झोला छाप चिकित्सको का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

सरकारी रिकार्डो की खानापूर्ति के लिहाज से तो प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्रो की संख्या में कमी नही है लेकिन चिकित्सक और स्वीकृत नर्सिग स्टाफ के अभाव में अस्पताल सफेद हाथी साबित हो रहे है। ग्रामीणों को उपचार के लिये जिला मुख्यालय कटनी ही एकमात्र विकल्प है। इन दिनों गर्मी के मौसम में मरीजो की बाढ है ऐसे में सरकारी अस्पतालों में उपचार और परीक्षण तक की व्यवस्था नही है। एमपीडल्यु पदस्थ भी है तो उनके पास एक से अधिक गांवो का प्रभार है लिहाजा वे भी नियमित रूप से नही बैठ पाते। ऐसी स्थिति में लोग या तो झोला छाप चिकित्सको का सहारा ले रहे है या कटनी आने मजबूर है। जिसमें समय व धन दोनो की बर्बादी है।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सरकारी अस्पतालों में मरीजो की निःशुल्क जांच व परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है लेकिन चिकित्सको के अभाव में ग्रामीणों को यह सुविधा भी नसीब नही हो पा रही है। भले ही उपस्वाथ्य केन्द्रो तक को दवाइंयो का आवंटन बराबर मिलता हो लेकिन कोई दवाई प्रदाय किये जाने वाला तक नही है। इन अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीणों में आक्रोष व असंतोष व्याप्त है।

### बनाई गई थी ये योजना

पूर्व कलेक्टर द्वारा पिछले महीने जिला चिकित्सालय के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में पदस्थ डाक्टरों को दूरस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में बैठकर मरीजो के उपचार की योजना बनाई गई थी लेकिन इस पर अमल होता नही दिख रहा है। जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इस समस्या की ओर जिम्मेदार वरिष्ट अधिकारियों का ध्यानाकर्षित किया गया है।



## खबर संक्षेप



### जनपद कक्ष बड़वारा में कंट्रोल रूम स्थापित

**बड़वारा।** जिले में मॉकड्रिल आयोजित किया गया है। बड़वारा जनपद पँचायत में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी शासन के निर्देश के तहत सायं 07 बजे से सायं 7 : 45 बजे तक अपनी ड्यूटी में कार्यरत रहेंगे। प्रभारी उदयभान सिंह दाहिया खण्ड पँचायत अधिकारी, उदयराम बैगा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, गोविंद सिंह ठाकुर सहायक लेखाधिकारी एवम सत्येंद्र सिंह सेंगर पँचायत सचिव की ड्यूटी लगाई गई है ये सभी अधिकारी बड़वारा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश में कार्य करेंगे।

### जिले में समग्र ई-केवायसी कार्य 61.53 फीसदी पूरा

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में समग्र ई-केवायसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंटने समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने घर-घर जाकर ई-केवायसी कराने की हिदायत दी है। समग्र ई-केवायसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वरल है। जहां अब तक लक्ष्यन का 75.20 फीसदी समग्र ई-केवायसी का कार्य पूरा हो चुका है।। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 29 हजार 129 लोगों का समग्र ई-केवायसी सत्यौपित हो सका है। जो लक्ष्यग का मात्र 35.57 फीसदी है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी ने अब तक 71.55 प्रतिशत, नगर परिषद विजयराघवगढ़ ने 69.46 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। जबकि जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ने 68.20 और जनपद पंचायत रीठी ने 67.85 फीसदी प्रगति की है। इसके अलावा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ ने 69.18 प्रतिशत तथा नगर परिषद बरही ने 62.54 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत बड़वारा ने 63.37 फीसदी ई-केवायसी सत्योपन का कार्य किया है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने समग्र ई-केवायसी को आधार से जोड़ने के कार्य में लक्ष्य का 50.36 प्रतिशत प्रगति हासिल की है।

### उमरियापान की भूमिका का प्रदेश में दसवां स्थान



**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में उमरियापान की बेटी भूमिका कटारिया ने प्रदेश की मैरिट सूची में दसवां स्थान अर्जित कर जिले व क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। छात्रा ने 500 में से 491 अंक (98.2%) प्राप्त किए है। भूमिका आगे की पढ़ाई कर सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट)बनना चाहती है। छात्रा के पिता संतोष कटारिया व्यवसायी जबकि माता रजनी कटारिया गृहिणी हैं। छात्रा ने सफलता का श्रेय परिवारजनों और शिक्षकों को दिया है। छात्रा की सफलता पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,मंडल महामंत्री अंकित झारिया, उपाध्यक्ष प्रमोद असाटी ,समाजसेवी कालूराम चौरसिया, जयप्रकाश चौरसिया,हर्ष द्विवेदी, प्रदीप चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छात्रा के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रा को पुरुस्कृत भी किया।

### हर्षिता तिवारी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा।** सिलौड़ी की बेटी हर्षिता तिवारी ने कक्षा दसवीं में 90.4 % (500/452) अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता विजय शंकर तिवारी का प्लम्बर का काम करते है जबकि मां सत्यवती गृहिणी है।होनहार छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के साथ शिक्षकों को दिया है।छात्रा ने बताया कि उसने कठिन परिश्रम के बाद सफलता हासिल की।

---

मालवाहक व आटो में ओवरलोड सवारियों के चलते कई बार हो चुकी दुर्घटनाएं

# कमाई के फेर में ओवरलोड सवारियां बैठा कर लोगों के जीवन से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





यातायात नियमों को दरकिनार कर थोड़े ज्यादा पैसों की लालच में वाहन चालक लोगों को जोखिम भरा सफर करा रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में मालवाहक वाहनों एवं तिपहिया वाहन चालक मनमाने ढंग से लोगों की जान खतरे में डालने से भी नहीं हिचकिचाते हैं। हैरानी तो यह है कि ओवरलोड व नियम विरूद्ध तरीके से लोगों को गंतव्य तक पहुंचाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस व यातायात अमला सक्रियता के साथ कार्यवाही नहीं करता। कभी कभार ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही होती है।

### हादसे के बाद जागता है अमला

खासकर जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

### कई बार हो चुके हैं हादसे

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए सिर्फ सड़क सुरक्षा सप्ताह सहित बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है। जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

### लोडर वाहनों में भी बैठा रहे सवारी

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं। मजदूरों व श्रमिकों को भेड़ बकरियों की तरह मालवाहक वाहनों में भर कर सफर कराया जाता है।

---

# अनुत्तीर्ण विद्यार्थी दे सकेंगे सभी विषयों की दोबारा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**रुक जाना नहीं के स्थान पर माध्यमिक शिक्षा मंडल ही लेगा दोबारा परीक्षा**

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों व ऐसे विद्यार्थी जो उत्तीर्ण तो हो गए हैं लेकिन कुछ विषयों में कम नंबर आने से उनका डिवीजन नहीं बन पाया है, ऐसे सभी विद्यार्थियों के लिए 17 जून से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दोबारा परीक्षा आयोजित की जायेगी। पिछले वर्ष ओपन बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं के माध्यम से जो परीक्षा आयोजित की गई थी उसमें बोर्ड चेंज था कुछ पैटर्न भी अलग था तथा परीक्षा फीस बहुत अधिक थी तथा मात्र अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए ही दोबारा परीक्षा आयोजित की जाती थी लेकिन इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 17 जून से संपूर्ण परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है इससे हजारों छात्रों को फायदा मिलेगा जहां एक और फीस कम लगेगी। वहीं दूसरी ओर पुस्तकों पाठ्यक्रम आदि का कोई झंझट नहीं होगा साथ ही बोर्ड न बदलने से ग्राहयता आदि की समस्या भी नहीं आएगी।

अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में अस्थाई प्रवेश मिल सकेगा जिसके कारण रिजल्ट आने पर उपस्थिति कम होने की संभावना नहीं होगी। अब परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों में वैसी निराश नहीं होगी जैसी पिछले सालों में रहती थी क्योंकि एक ही जवाब आता था साल खराब हो गया अब साल खराब नहीं होगा विद्यार्थी चाहे तो दो-तीन महीना में अच्छी तैयारी करके साल खराब होने से बच सकता है।

### उपचार के लिए 90 हजार रूपये की सहायता

**कटनी।** मुख्यींत्री स्वेच्छानुदान मद से 2 गंभीर रूप से बीमार व्यरक्तियों के उपचार के लिए 90 हजार रूपये की राशि स्वीमकृत की है। इसमें खिरहनी वार्ड नं. 13 निवासी आकांक्षा रैदास की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 35 हजार रूपये तथा तेवरी वार्ड स्लीमनाबाद निवासी प्रियांशु के उपचार हेतु 55 हजार रूपये की राशि स्वेसच्छामनुदान मद से स्वीकृत की गई है।

---

नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

# 130 कृषकों से 7 लाख रूपये से अधिक की हुई वसूली, 45 एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही करते हुए अब तक 45 प्राथमिकी जिले के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज कराई जा चुकी है। साथ ही 130 किसानों से कुल मिलाकर 7 लाख 2 हजार 500 रूपये का अर्थदंड भी वसूला गया है। इस प्रकार नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने का सिलसिला लगातार जारी है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए किसान भाई नरवाई न जलायें।

### नरवाई जलाने पर अर्थदंड

कोई किसान या व्यक्ति यदि नरवाई में आग लगाता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप अर्थदंड के तय प्रावधान के तहत जुर्माना लगाया जाता है। फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना और 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड का प्रावधान है।

फोटो-03,04

---

### नयाखेड़ा के बधिया गाढिया तालाब में की गई सफाई



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में स्थित विभिन्न जल स्रोतों, नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी, तथा अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य के लिए जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में जलसंरक्षण के कार्यों के साथ-साथ सफाई के कार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में बधिया गढिया निस्तारिरी तालाब में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भागीरथ पटेल, सरपंच खेलावन सिंह, सचिव रामस्वनरूप पटेल, हल्का पटवारी एवं ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से सफाई का कार्य किया गया।

---

# आपात स्थिति एवं आपदा से बचने के लिए छात्राओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, परिसर मे एन.सी.सी. अधिकारियों हवलदार गुरप्रीत सिंह एवं हवलदार पंकज वासनिक द्वारा छात्राओं के लिए मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य हवाई हमले जैसी आपात स्थिति में सुरक्षा उपायों और बचाव की जानकारी प्रदान करना था। एन.सी.सी. अधिकारियों ने छात्राओं को मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए, जिसमें सुरक्षित स्थानों पर आश्रय लेना, आपातकालीन संकेतों को समझना और त्वरित प्रतिक्रिया शामिल थी। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बुधवार शाम 4 बजे से 8 बजे तक ब्लैकआउट की सूचना जारी की गई है। इस दौरान हवाई हमले की स्थिति में सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जाएगा। छात्राओं को न केवल स्वयं सुरक्षित रहने, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी जागरूक करने की सलाह दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, "आपदा के समय सतर्कता और जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।" इस प्रशिक्षण में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपात स्थिति में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने में सहायक रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ के अतिरिक्त अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

---

निगमायुक्त की मौजूदगी में व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों की हुई बैठक

# आपातकालीन स्थिति से निपटनें और व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आपातकालीन स्थिति से निपटनें हेतु नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखनें के उद्धेश्य से बुधवार को शासन एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नगर में विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाली मॉकड्रिल की सूचना नागरिकों को प्रदान कर उनसे सहयोग प्राप्त करने आयुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में नगर निगम कटनी के मेयर इन काउन्सिल सभागार में बुधवार को नगर के विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को नागरिक सुरक्षा हेतु आयोजित की जाने वाली मॉकड्रिल के विभिन्न चरणों की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। निगमायुक्त श्री दुबे नें ब्लैक आउट के दौरान निर्धारित समय 7:30 बजे से 7:42 बजे तक अपने-अपनें घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की लाईट बंद रखकर प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। निगमायुक्त ने उपस्थित जनों से निर्धारित ब्लैक आउट समय के दौरान अपने घरों पर ही रहनें खिडकियों एवं दरवाजों को पर्दे से ढ़ककर रखनें सहित अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाकर उपस्थित जनों से किसी भी तरह से पेनिक नहीं होने का आग्रह भी किया गया।

बैठक में उपायुक्त शैलेष गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अध्यक्ष सब्जी मंडी विक्रेता संघ, सह सचिव चैंबर ऑफ़ कामर्स लक्ष्मीचंद डोडानी, हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति से बरियल दास, अध्यक्ष मेन रोड व्यापारी संघ संजय गुप्ता, मोहन टॉकीज व्यापारी संघ रमाकांत पप्पू दीक्षित, सहित संजय बेबू चैदहा, मोहन सचदेवा, विपुल कोटक, आशीष कंदेले, संजय बरसैंया, संदीप श्रीचंदानी, डॉ प्रेम जसूजा, यश अग्रवाल, मुकेश तिवारी, अमित सिंघई, ईशान जैन, नीलेश विश्वकर्मा, जग्गू ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यो एवं अन्य नगारिकगणों की मौजूदगी रही।

---

पर्यावरण के साथ ही मवेशियों के लिए बेहद खतरनाक है सिंगल यूज प्लास्टिक

# सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध के बाद भी बेरोकटोक बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी जिले भर में बेरोकटोक बिक्री हो रही है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। उपयोग में बेहद आसान लेकिन पर्यावरण, जमीन और मवेशियों के लिए लिये अमानक पालीथिन खतरनाक है। पर्यावरण के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। जागरूकता के अभाव और अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग आम दिनों की तरह सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है।

धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्धि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है। कैडमियम के कारण उल्टियां आने लगती है।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशियों को चरने के लिये छोड़ा जाता है गाय, बैल, सड़क किनारे सब्जी मंडी, दुकानों के आसपास व अन्य जगहो पर पड़ी पालीथिन को खा लेने से असमय ही मौत को दावत देते है। इस बारे में वेटनरी डाक्टरो का कहना है कि पालीथिन जानवरो के लिये बेहद घातक है। इसको खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है। कई बार ऐसे केस आते है जब गाय, बकरी के पेट से बड़ी मात्रा में पालीथिन पाई गई। आदमी खुद पालीथिन का प्रयोग करके गौमाता को बेमौत मार रहे है। कई बार हमने ऐसी गायों का आपरेशन करवाकर जान बचाई।

---

# सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरो ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों रूपए कीमती जेवरात पार कर दिया। चोरी की यह वारदात एनकेजे के सांईपुरम में हुई। चोरों ने सरकारी स्कूल की प्राचार्या के घर में चोरी की वारदात की। पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी उन्हें दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर एनकेजे पुलिस हरकत में आए और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम सहित अफसरों ने घटनास्थल का जायजा लिया। एनकेजे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार रोशनगर क्षेत्र की सांईपुरम कालोनी में एनके श्रीवास्तव निवास करते हैं। उनकी पत्नी अलका श्रीवास्तव कैमोर स्थित सरकारी स्कूल में प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। 1 मई को वे परिवार सहित एक समारोह में शामिल होने के लिए नरसिंहपुर गए थे। सोमवार की सुबह उनके पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि घर का लॉक टूटा हुआ है और अंदर चोरी हो गई है। सूचना पाकर पीड़ित परिवार घर पहुंचा तो अलमारी व कवर्ड में रखे लाखों के जेवर गायब थे।

अलका श्रीवास्तव ने बताया कि चोरों ने 2 बड़े एक छोटा सोने का हार कुल छह तोला, तीन मंगलसूत्र, तीन तोले का सोने का ब्रेसलेट, दो तोले की सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी कान के रिंग सहित अन्य सोने का सामान व करीब 15 हजार रुपए चोरी कर लिए हैं।

चोरी की वारदात के शिकार पीड़ित परिवार को एफआइआर दर्ज कराने भी परेशान होना पड़ा। शिक्षिका करीब तीन घंटे तक थाना में बैठी रही। हालाकि देरशाम पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली।

**खबर संक्षेप**

### पेयजल संकट और बेटी की बारात, पिता की चिन्ता का त्वरित कार्यवाही से 70 परिवार एवं बरातियों को मिला पानी

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम कुड़ई ग्राम पंचायत बिलाही में पेयजल संकट है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की वैठक के दौरान महिला सदस्यो ने वताया की स्कूल के मोहल्ला के लगभग 42 परिवार दिन भर पानी की जददेजहद में लगे रहते है। गांव में दो कृतीन हैन्ड पम्प है जहां से पानी काम चालाउ मिल रहा है। पंचायत ने प्रयास कर हैन्ड पम्प में मोटर डलवाया लेकिन पानी कम होने से मोटर जल गया । लगभग 148 परिवार के लोग हैन्ड पम्प एवं कुओं पर निर्भर है। समिति की मींटिंग में पता चला की गांव में अहिरवार मोहल्ले में वरात आनी है लेकिन हैन्ड पम्प खाराब है। समिति एवं संस्था के सदस्यो ने पीएचईडी के इंजीनियर अनिरूद्ध कुमार चैवे एवं स्थानीय मकैनिक से सम्पर्क कर तुरंत सुणारने का आग्रह किया और हैन्ड पम्प सुधर गया । इंजीनियर चैवे ने कहा की पानी वरात को मिलगा आज ही सुधरेगा हैन्ड पम्प । पंचायत मित्र दिनेश, पूर्व सरपंच केशव प्रसाद यादव, सचिव, संतोष कुमार शुक्ला वेटी के पिता नोने लाल अहिरवार की पानी की चिन्ता खत्म हुई।। सरपंच ने तैयार किया था टैंकर लेकिन पीएचईडी के त्वारित कार्यवाही से वरातियो एवं मोहत्ल्ले में पानी की व्यावस्था हो गई। पानी के संपूर्ण समाधान की कार्ययोजना भी सचिव और समिति ने वना ली है उस पर एक सप्ताह में काम हो जायेगा । गांव के लोगो ने समर्थन के कार्यकताओ को फोन पर जानकारी दी एवं खुशी जाहिर की ।


### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्गत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टी एफ़ डबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है । पंजीयन की प्रक्रिया 1 जून की रात 11रू45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर होगा, इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुये तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है।

# टाइगर रिजर्व में नहीं लाएंगे भोपाल में जन्मे कैप्टिव ब्रीडिंग के भारतीय गिद्ध

**गिद्धों को प्राकृतिक तौर पर विकसित करने टाइगर रिजर्व को माना था सबसे सुरक्षित अब गिद्धों से बीमारी फैलने की है आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



जिले के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों की कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे बच्चों को छोड़े जाने का प्लान फिलहाल कैंसिल कर दिया गया है वन विभाग को यह आशंका है कि भोपाल स्थित वन विहार के केरवा में कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे गिद्ध के बच्चे पालतू होकर यहां आएंगे, ऐसा न हो कि कहीं कोई बीमारी फैला दें यही कारण है कि फिलहाल इस प्लान पर आगे काम करना बंद कर दिया गया है और टाइगर रिजर्व प्रबंधन लगातार बढ़ रहे स्थानीय गिद्धों के संरक्षण पर पूरा फोकस कर रहा है दरअसल भोपाल स्थित वन विहार के केरवा में कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे गिद्ध के बच्चों के तीन जोड़ों को प्राकृतिक रूप से विकसित करने के लिए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को चुना गया था। विभाग ने टाइगर रिजर्व में स्थित डोंगरगांव रेंज में गिद्ध कोंच एरिया को चिन्हित किया था। अक्टूबर 2024 में स्टेट लेवल कमेटी ने टाइगर रिजर्व का निरीक्षण भी किया था। इसके बाद नवंबर 2024 में एवियरी (जिसमें गिद्ध के बच्चों को रखा जाना था) बनाने का काम भी शुरू कर दिया था। प्लान था कि गिद्ध के बच्चों को इसी एवियरी में रखा जाएगा और वन विभाग इस प्रकार से उन्हें ट्रेंड करेगा कि वे खुद से खाना-पीना सीख जाएं। इसके लगभग पांच माह बाद उन्हें एवियरी से बाहर छोड़ दिया जाएगा

#### रिजर्व इसलिए हुआ था चिन्हित

वीरांगना टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में उम्मीद से ज्यादा इजाफा हुआ है। देश में पाई जाने वाली गिद्ध की 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियां रिजर्व में मौजूद हैं। इस समय सबसे ज्यादा संकट में भारतीय गिद्ध हैं, लेकिन पिछली दो गणनाओं में रिजर्व में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय गिद्धों की मिली है। यही कारण है कि कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे भारतीय गिद्ध के बच्चों को विकसित करने टाइगर रिजर्व को चिन्हित किया गया था।

#### 1 साल में 492 से 870 हुई संख्या

टाइगर रिजर्व में स्थानीय गिद्धों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले साल अप्रेल 2024 में हुई ग्रीष्मकालीन गणना में कुल 492 गिद्ध वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पाए गए थे, जबकि इस साल हुई ग्रीष्मकालीन गणना में टाइगर रिजर्व में स्थानीय गिद्धों की संख्या बढ़कर 870 हो गई है, इसमें 814 वयस्क व 56 अवयस्क गिद्ध शामिल थे इस हिसाब से देखें तो एक साल के अंदर 378 गिद्ध बढ़े हैं।

#### इनका कहना है

प्रदेश में गिद्धों की सबसे ज्यादा हेल्दी जनसंख्या टाइगर रिजर्व की मानी गई है इसके साथ छेड़छाड़ नहीं करना है पहले प्लानिंग थी कि भोपाल में कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे गिद्धों को टाइगर रिजर्व लाकर छोड़ेंगे, लेकिन बाद में निर्णय हुआ कि वह पालतू होकर यहां आएंगे, ऐसा न हो कि कहीं कोई बीमारी न फैला दें।

**डॉ. एए अंसारी**
**उप संचालक, टाइगर रिजर्व**

## सीएम राईस विद्यालय अजयगढ के छात्र-छात्राओं का अव्वल रहा प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज पन्ना।

बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट आते ही सीएम राईस विद्यालय अजयगढ के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। प्रदेश स्तरीय मेरिट में विद्यालय के होनहार छात्रों ने अपना परचम लहरा दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा कु. चंचल विश्वकर्मा ने प्रदेश में नौवां स्थान तथा कक्षा 10वीं के छात्र महेंद्र यादव ने भी नौवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार जनों का सम्मान बढ़ाया।जिससे विद्यालय परिवार एवं नगर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विद्यालय में कक्षा 10वीं में महेद्र यादव पुत्र श्री नरवद यादव ने 98.4:, अजीत सिंह पुत्र श्री रामकेश लोध ने 97.4:, कु. महक यादव पुत्री मुनीष यादव ने 97: अंक अर्जित करके विद्यालय स्तर में अपनी कक्षा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 12वीं कला समूह की छात्रा कु. चंचल विश्वकर्मा पुत्री बिंदादीन विश्वकर्मा ने 96.2:, कु माही जड़िया पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार जड़िया ने 93.8:, कु. इरम फ़रिदौस पुत्री श्री हशीर शाह ने 93:अंक प्राप्त कर विद्यालय में अपनी कक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 12वीं के विज्ञान समूह (बायो ग्रुप )में अजय कुमार वाजपेयी पुत्र श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 81.4: अंक अर्जित कर अपने समूह में प्रथम स्थान पर रहा। गणित समूह में राम कौशल अवस्थी पुत्र श्री कौशल अवस्थी ने 90.6: अंक प्राप्त कर अपने समूह में विद्यालय में अव्वल रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की गयी। सीएम राईस विद्यालय प्राचार्य श्री वीरेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा उक्त छात्रों को प्रत्यक्ष एवं फ़ोन द्वारा बधाई दी गयी।

## स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल चंपतपुर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** अध्यनरत छात्रा लेखिनी सिंह 97.6 प्रतिशत, अमित साहू 92.02 प्रतिशत, रिसिका गर्ग 90.02 प्रतिशत प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं 12वीं का रिजल्ट घोषित होने पर पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल चंपतपुर में अध्यनरत छात्रा हमारे खोरा के पूर्व सरपंच रामधाम सिंह लोधी की भतीजी कु. लेखिनी सिंह पिता मलखान सिंह निवासी खोरा ने दसवीं में सर्वाधिक अंक 97.6 प्रतिशत प्राप्त करने पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा एवं लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के द्वारा बच्ची को सम्मानित किया गया। साथ ही रिसिका गर्ग पिता संजय कुमार गर्ग का परीक्षा परिणाम



500 में से 451 अंक अर्जित कर 90.02 प्रतिशत, एवं अमित साहू पिता पुरषोत्तम साहू ने 500 में से 461 अंक अर्जित कर 92.02 प्रतिशत रहा। विद्यालय के शिक्षक गण एवं अपने परिजनों सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेटी कैसे उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है साथ ही लक्ष्य परिवार पन्ना ने बेटी की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कुमारी प्रियांशी का सुयश



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।**माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें अनेक छात्र छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं तथा विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है इसी प्रकार गरीब परिवार की लड़की प्रियांशी रैकवार के पिता। राकेश रैकवार तथा मां प्यारी बाई रैकवार है जिन्होंने कक्षा 12वीं में 91: अंक अर्जित करते हुए विद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है । छात्र महारानी दुर्गा राजलक्ष्मी विद्यालय की छात्रा है जो रानीगंज मोहल्ला में रहती है तथा बहुत ही गरीब परिवार से है जो सब्जी बेचकर अपने बच्चों को सशिक्षा दिलाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं प्रियांशी की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य परिवार परिजनों एवं माता-पिता ने छात्र प्रियांशी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## महिला सुरक्षा की दिशा में हंड्रेड डायल ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका


**हरिभूमि न्यूज बनवार।** दमोह के थाना नोहटा क्षेत्र में डायल-112/100 सेवा ने एक बार फिर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समरा मड़िया गांव में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डायल-112/100 की टीम ने तत्काल मदद पहुंचाई और माँ एवं नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचाया। आरक्षक कुलदीप सोनी पायलट हरिशंकर बंसल ने बताया राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए तत्काल रवाना हुई और मौके पर पहुंचकर मदद डायल-112/100 स्टाफ ने माँ एवं नवजात शिशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जिससे प्रसूता महिला एवं नवजात को समय पर उपचार मिला। इस तरह की घटनाओं से यह साबित होता है कि डायल-112/100 सेवा लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है।

## पीयूष और काजल ने नगर में कक्षा बारहवीं में पाया पहला स्थान

**कक्षा दसवीं में निखिल घोसी ने प्राप्त किए सर्वाधिक अंक**


पीयूष साहू


काजल यादव


सुजान त्रिपाठी


निखिल घोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मंगलवार को मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तेंदुखेडा नगर में कई छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया तेंदुखेडा नगर में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने ज्यादा अंक अर्जित किए है शिक्षकों ने सभी पास हुए छात्र छात्राओं को विदाई दी है साथ ही जो परीक्षा में असफल हुए है उनको आगे प्रयास करने की बात कही । तेंदूखेड़ा में कक्षा बारहवीं में छात्रओं में प्रथम स्थान पीयूष साहू ने प्राप्त किया है । उन्होंने गणित विषय से 500 में से 462 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किए है उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 92.4प्रतिशत अंक प्रात किए है । इसी तरह पूरे नगर में छात्राओं में काजल यादव से सर्वाधिक अंक प्राप्त करके नगर और स्कूल का नाम रोशन किया है काजल यादव नगर की कन्याहाईस्कूल से अध्ययन कर रही थी उन्होंने कला संकलन से 500 में से 440 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और नगर का नाम रोशन किया है। बारहवीं के बाद कक्षा दसवीं में भी कई छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्रात किए है। निखिल घोसी ने नगर में कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्रात किए है उन्होंने 97.8 प्रतिशत अंक प्रात किए है। निखिल घोसी नगर के ज्ञानदीप विद्याविहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र है। सी एम राइज स्कूल सुजान त्रिपाठी ने कक्षा दसवीं में 93.6 अंक प्रात कर नगर और स्कूल का नाम रोशन किया है। कन्या हाई स्कूल में कक्षा दसवीं में मुनमुन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। नगर के सी एम राइज स्कूल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा बारहवीं में कुल छात्र छात्राओं की संख्या 87 थी जिसमे 56 प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। जबकि कक्षा दसवीं में कुल छात्र छात्राओं की दर्ज सख्या 85 थी जिसमे 54 प्रथम श्रेणी में पास हुये है । कन्या हाईसेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पी एक रैकवार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम आ चुके है कन्या हाईसेकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं में काजल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि कक्षा दसवीं में मुनमुन साहू को प्रात स्कूल हुआ है।

**मांगलिक अवसर पर उपहार देने की रस्में प्रभावित, अब विकल्प ढूंढ रहे**

## महंगाई का ऐसा असर, शादी में रिश्तेदारों को सोने के आभूषण देने की रस्म टूटी

हरिभूमि न्यूज हटा।

सोने की महंगाई का ऐसा असर हुआ है कि अब शादी-ब्याह के रस्म-रिवाज तोड़ने पड़ रहे हैं। कई समाजों में शादी के दौरान सास-ससुर, दीदी-जीजा, फूफा-फूफी को सोने की आभूषण उपहार में देने की रस्म है, लेकिन सोने की महंगाई ने शादी-ब्याह जैसे शुभ मौके पर रिश्तेदारों की मेहमाननवाजी को फीका कर दिया है। सराफा बाजार में सोने के बढ़े दाम के कारण इस कारोबार पर कुछ ऐसा असर देखने को मिल रहा है। हटा सराफा कारोबारियों के मुताबिक, सोने की महंगाई ने ग्राहकों के रस्मो-रिवाज तक को तोड़ने मजबूर कर दिया है। ऐसे में ग्राहकों को अपने पसंद के गहने खरीदने एवं रिश्तेदारों की मेहमाननवाजी करने बजट के बारे में सोचना पड़ गया है। महंगाई के चलते ग्राहकों को सोने की मात्रा में कटौती करनी पड़ रही है। ग्राहक जो पहले अपने रिश्तेदारों को शादी-ब्याह में उपहार के रूप में सोने के आभूषण देने खरीदी करते थे, वे ग्राहक अब उपहार के लिए सोना नहीं खरीद रहे हैं। सोने की जगह चांदी या दूसरे उपहार, जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को विकल्प बना रहे हैं। स्पष्ट है कि महंगाई का असर तो साफतौर पर पूरे सराफा बाजार में सोने की मात्रा की खरीदी-बिक्री पर पड़ी है, पर सराफा एसोसिएशन का कहना है कि इस महंगाई के बीच अच्छी बात यह है कि ग्राहकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। महंगाई के बावजूद भी ग्राहक कम मात्रा में ही सही, पर अपने बजट के मुताबिक सोना खरीदने पहुंच रहे हैं।

#### सोने के बजाय अन्य उपहार दे रहे

सोने के भाव में बढ़ोतरी का असर यह हुआ है कि महंगाई के कारण ग्राहकों ने शादी-ब्याह जैसे शुभ अवसरों पर रिश्तेदारों को सोने के उपहार देना बंद कर दिया है। पहले खासकर शादियों में जिन ग्राहकों के यहां रिश्तेदारों को सोने के आभूषण उपहार में देने की रस्म रही है, वे अब सोना नहीं खरीद रहे। वे सोने की जगह चांदी या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स खरीदना पसंद कर रहे है। ग्राहक का बजट तो वही है, पर सोना खरीदने की मात्रा में कटौती हो गई है।

## छात्रा आराधना व साधना का सुयश





**हरिभूमि न्यूज दमोह।** तहसील बटियागढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम हिम्मतपुरा में मोहन रजक माता रेखा रजक सात पुत्री एवं एक पुत्र जिनमें से साधना रजक कक्षा 12वीं में 83.6% एवं आराधना रजक कक्षा दसवीं 90% जो की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खडेड़ी मैं पढ़ती थी जिन्होंने अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया 1

## बच्चों में सही संस्कार डालने के लिए माता-पिता को ही सबसे पहले स्वयं में अच्छी आदतें डालनी चाहिए: पं रवि शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित श्री देव नंदेश्वर महादेव नंदी वन मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि बच्चे को सुसंस्कारी बनाने के लिए पहले स्वयं में अच्छे संस्कार होना जरूरी है केवल हम जबान से कह दे बेटा झूठ बोलना पाप है और उसके आगे स्वयं झूठ पर झूठ बोलते रहेंगे तो फिर वह हम से ज्यादा झूठ बोलेगा और उपर से यह भी समझ के चलने लगेगा की पाप वगैरह कुछ नही होता और अन्य बुरे काम भी आराम से करने लगेगा एक बात पक्की गांठ बांधकर चलें की हम जो भी करेंगे जैसे भी करेंगे बच्चा वहीं दोहराएगा उसका मन बिल्कुल साफ होता है उसको अच्छे बुरे की समझ नहीं होती और समझ आने तक उसपर संस्कार पढ़ चुके होते है इसलिए पहले हमें बदलना होगा यही कारण है की आजकल बच्चे पुरातन काल के मुकाबले बहुत कम संस्कारी मिलते है जिद्दी बच्चों को प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार देने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए उन्हें सिखाना चाहिए कि बड़ों का आदर करें दूसरों की मदद करें और हर काम को जिम्मेदारी से करें। बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए माता-पिता को उनके साथ समय बिताना चाहिए उन्हें प्यार से समझाना चाहिए और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए।


## शासकीय उमावि पगरा के छात्रों ने मंडल परीक्षा 2025 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज अमानगंज।** क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा के छात्र-छात्राओं ने मंडल परीक्षा 2025 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें कक्षा 10वीं में (1) अंजलि राजा-96.6:(2) दुर्गा सेन-93:(3) श्रधा सिंह राजपूत-92.8: कक्षा 12 वीं में (1) विपिन विदुआ-76.4: (2) अंजलि पटेल-76:(3) मीनाक्षी पाठक-74.8: अंक प्राप्त किए। विद्यालय की सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्राचार्य के0 पी0 पाल एवं शिक्षकों- सुरेंद्र सिंह पटेल, शिवचरन प्रजापति, राहुल चैरसिया, पूनम सिंह, शिव प्रसाद लोधी ,मोहनी सक्सेना, आकांक्षा उर्मलिया, राजेश राठौर, रतनेश दहायत ,पूनम तिवारी, ज्योति गुप्ता, निधि पाठक, स्वाति तिवारी,रामप्यारे द्विवेदी, रूबी सिंह बागरी, अरविंद सिंह राजपूत, समीना बेगम,बलराम साहू, प्रीति पटेल, जगदीश अहिरवार, राजीव कवीरपंथी, आदि सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

## गुखौर के मजदूर परिवारों के बच्चों ने रचा इतिहास, बदहाल स्कूल को भी दिलाई उम्मीद











**हरिभूमि न्यूज देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत गुखौर गांव के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। अधिकांशतः दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों ने तमाम आर्थिक और शैक्षणिक संसाधनों की कमी के बावजूद इस वर्ष जबरदस्त परिणाम दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गुखौर हाई स्कूल के 54 विद्यार्थियों में से 53 सफल हुए, जिनमें 6 छात्रों ने 90: से अधिक अंक हासिल कर गांव और स्कूल का नाम रोशन किया।

#### टॉपर्स की सूची-

शिवराम कुशवाहा ने 97.2:, रामकृष्ण कुशवाहा ने 96:, नैंसी कुशवाहा और दीपांशी दहायत ने 93.6: अंक अर्जित किए, जबकि पूनम कुशवाहा ने 90.6: और प्रियांशु कुशवाहा ने 90.5: अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरे क्षेत्र में इन बच्चों की सराहना हो रही है। विद्यालय के सरपंच मोजी लाल वर्मा और पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा ने विद्यालय परिवार को बधाई दी और शिक्षकों की मेहनत तथा समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया। विषय शिक्षकों में कृष्ण कुमार शुक्ला (सामाजिक विज्ञान), शैलेंद्र जैन (गणित), अनुराधा पटेल (हिंदी) और मुकेश पांडे (संस्कृत) के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और सभी विषयों में 100: पासिंग रिकॉर्ड कायम रखा। हालांकि इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय की बदहाल स्थिति भी चर्चा में आ गई है। करीब ढाई सौ छात्र संख्या वाले इस स्कूल में मात्र दो से तीन कमरे हैं, जहां बच्चों को अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करनी पड़ती है। लंबे समय से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामवासियों का कहना है कि बच्चों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति और मेहनत हो तो संसाधनों की कमी भी आड़े नहीं आती। अब पूरा गांव आशान्वित है कि शासन इस उपलब्धि को गंभीरता से लेगा और जल्द ही बेहतर भवन और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मंजूरी देगा। इस सफलता ने न सिर्फ गुखौर गांव बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया है।

## महिला सुरक्षा की दिशा में हंड्रेड डायल ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**हरिभूमि न्यूज बनवार।** दमोह के थाना नोहटा क्षेत्र में डायल-112/100 सेवा ने एक बार फिर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समरा मड़िया गांव में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डायल-112/100 की टीम ने तत्काल मदद पहुंचाई और माँ एवं नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचाया। आरक्षक कुलदीप सोनी पायलट हरिशंकर बंसल ने बताया राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए तत्काल रवाना हुई और मौके पर पहुंचकर मदद डायल-112/100 स्टाफ ने माँ एवं नवजात शिशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जिससे प्रसूता महिला एवं नवजात को समय पर उपचार मिला। इस तरह की घटनाओं से यह साबित होता है कि डायल-112/100 सेवा लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है।

## खबर संक्षेप

### रोशनी का सुयश

**दमोह।** सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा रोशनी पटैल ने माशिमं की कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।



गौरतलब है कि रोशनी का सपना इंजीनियर बनना है, इसके लिए वह गणित विषय लेकर आगे अध्ययन करेगी। इस सफलता पर पिता परषोत्तम पटैल, माता दशोदा पटैल, दादा रमेश, प्रकाश, दादी केशर पटैल, रिया, पूनम, परसू, मूलचंद, जानकी, संध्या पटैल, अनन्या चैरसिया सहित गुरूजनों व शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की है।

### शैक्षणिक सत्र 2025-28 हेतु ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया

**दमोह।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी कियान्वन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के उद्देश्य से सत्र 2025-26 के निःशुल्क प्रवेश की कार्यवाही निर्धारित की गई है। जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी ने बताया निःशुल्क प्रवेश हेतु मान्यता अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन 05 मई से, पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 07 से 21मई तक, आवेदन पश्चात सत्यापन केन्द्र (शा. जनशिक्षा केन्द्र) में सत्यापन कराना 07 से 23 मई तक, रेण्डम पद्धित से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एस.एम.एस द्वारा सूचना 29 मई से, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूल में प्रवेश हेतु उपस्थित होना एवं स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन रिपोटिंग 02 जून से 10 जून तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा समय-सारणी अनुसार एवं पत्र के साथ दिये गये निर्देश के तहत कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही प्रत्येक जनशिक्षक स्तर पर दो नोडल अधिकारी एवं 3 मेंटर उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों एवं अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन निरीक्षण बीआरसीसी के द्वारा किया जायेगा।

### एससी महासभा जिला अध्यक्ष बनें-अहिरवार

**पथरिया-**एससी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष एड.प्रवेंद्र चंद्राकर के निदेर्शानुसार व राष्ट्रीय कार्यकारिणी एससी महासभा प्रदेश कार्यकारिणी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष



इंजी.यावेन्द्र कुमार साकेत जी एवं पत्रकार निर्मल रोकडे जी की सहमति से एससी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एड. सूरज सखवार जी द्वारा द्वारका प्रसाद अहिरवार को जिला अध्यक्ष व आकाश भारती को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है,प्रदेश महासचिव मनीष राज ने कहा कि समाज की एकता,अखंडता और जातिगत जनगणना के लिये महासभा कार्य कर रही है साथ कार्यकारणी को मजबूत बनाने के लिए संगठन निर्माण पर जोर दिया जाएगा।

आदि गुरु शंकराचार्य जी की 1237वीं जयंती पर हटा महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन

# सनातन संस्कृति के पुनरुद्धारक थे आदि गुरु शंकराचार्य : महंत श्यामदास जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





नगर के शासकीय राघवेंद्र सिंह हजारी महाविद्यालय में बुधवार को आदि गुरु शंकराचार्य जी की 1237वीं जयंती के पावन अवसर पर भव्य जयंती समारोह एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आदि शंकराचार्य जी के जीवन, दर्शन एवं सनातन परंपरा की महत्ता से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामगोपाल सरकार के महंत श्री श्यामदास जी एवं बालाजी सरकार के महंत श्री हरिराम दास जी उपस्थित रहे। जिन्होंने आदि शंकराचार्य जी के जीवन के विविध पहलुओं एवं सनातन संस्कृति की अवधारणाओं पर विचार साझा किए। उन्होंने ने कहा कि हम लोगों को परिषद के माध्यम से ओम्कारेश्वर में जाने का मौका मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री पी.के. ढाका जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग की डॉ. शिवानी राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि “सनातन धर्म की परंपराएं केवल आस्था नहीं, अपितु वैज्ञानिक आधार से जुड़ी हुई हैं। आज के युवाओं को पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित होने के बजाय अपनी जड़ों से जुड़ना चाहिए और भारतीय परंपराओं को जीवित रखने में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की प्रस्तावना मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आदि शंकराचार्य जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उनका जन्म केरल के कालड़ी ग्राम में हुआ था। बचपन से ही उनकी तीव्र बुद्धि और वैदिक ज्ञान में रुचि ने उन्हें एक महान दार्शनिक और सनातन धर्म के प्रवर्तक के रूप में प्रतिष्ठित किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य कन्हैयालाल पटेल, डा,विनय कुमार वर्मा विकासखंड समन्वयक पुष्पा सिंह गर्वेश राजपूत, सुरेश नामदेव, सुनील सेन, प्रिंसदीप खटीक, नरेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र साहू, शिवानी लखेरा, कृष्णकांत लखेरा, पुष्पेंद्र पांडे, यशवंत सोनी, सोमनाथ विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# सतौआ में तालाब में मिली लाश

**दमोह।** लगातार बढ़ रहे अपराधों के बीच पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम सतौआ की एक तालाब में एक व्यक्ति की लाश मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, बता दें कि पथरिया थाना अंतर्गत कभी लाश मिलना तो कभी हत्या कभी आत्महत्या और लूट जैसे मामले आम बात हो गए कानून का मानो अपराधियों को खौफ ही नहीं रहा। नगर में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और पुलिस प्रशासन में सुस्ती छाई है नगर और आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री हो या फिर जुआ और सट्टा के दाव लगातार युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं लेकिन पुलिस महकमा हाथ पैर हाथ धरे हुए बैठा हुआ है और आज फिर एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आने से हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि बुधवार को ग्राम सतौआ निवासी प्यारेलाल अहिरवार उम्र करीब 50 वर्ष जो अपने घर से करीब सुबह 7 बजे निकला और करीब 11 बजे इसकी नहर में डूबने से मौत हो गई वहीं पास में ही लकडियों का एक गट्ठा भी डला हुआ था जिससे यह माना जा रहा है कि उक्त व्यक्ति लड़कियां काटने गया हुआ था उसके बाद यह नहर में कैसे डूबा और कैसे मौत हुई यह फिलहाल अभी एक सवाल बनकर रह गया है। बता दें कि दो दिन पूर्व नगर के दमोह रोड स्थित तालाब में एक आज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसकी अब तक शिनाख्त पुलिस द्वारा नहीं हो पाई है और अब यह दूसरा शव मिलने का मामला ग्राम सतौआ से सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर मामले की जांच की रही है। वही उक्त मामले में थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि तालाब में उक्त व्यक्ति की लाश मिली है फिलहाल पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जाएगी।



### देव श्री जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन 9 मईः मुख्य अतिथि रहेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक जयंत मलैया करेंगे अध्यक्षता

**दमोह।** देव श्री जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन 09 मई को अपराह 03 बजे रूद्र मैदान बांदकपुर में किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, अध्यक्षता विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया करेंगे। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक हटा उमा देवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। सार्वजनिक न्यास देव श्री जागेश्वरनाथ जी मंदिर, बांदकपुर ने सभी से आग्रह किया हैं उक्त कार्यक्रम में अवश्य पधारें।

## भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त

**बनवार।** विद्युत वितरण केंद्र हररई तेजगढ़ के अंतर्गत आने वाले गांव बीजाडोगरी मुडारी देवरी अमतरा गूढ़ा में बिजली मैं अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब 15 दिनों से बिजली सप्लाई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशानी हो रही है।और दोपहरी में लोग गर्मी से पसीना हो रहे पेड़ों की छांव में बैठकर पूरी दोपहरी काटने को मजबूर है बिजली उपभोक्ता सुरेश नायक हनुमत सिंह सुरेंद्र सिंह ज्ञानी सिंह का कहना है सुबह 10:00 से शाम 4:00 तक बिजली कटौती रहती है जब लाइनमैन अभिलाष रजक को फोन करते हैं तो बे बिजली लाइन में फाल्ट की बात कहते हैं और जब जेई के एल यादव को फोन करते हैं तो बे फोन ही रिसीव नहीं करते हैं ऐसे में बिजली उपभोक्ता आगोशित बिजली कटौती से त्रस्त हो गए है और बिजली अधिकारी है कि उपभोक्ताओं की बिजली समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग कि है वे इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करें।

# थूकने से छींटे पड़ने पर एसआई ने कार चालक को पीटा

**मंगलवार रात की घटना बाहरी यात्रियों के साथ बदसलूकी व मारपीट के बाद एसपी ने एसआई को किया लाईन अटैच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आम जनता की रक्षा करने के लिये, समाज के अपराधो को रोकने के लिये तैनात खाकीवर्दी वाले यदि आम जनता के साथ सरेआम मारपीट करे तो ऐसे में कैसे जनता पुलिस को अपना मित्र समझेगी। एक ओर जहां अच्छी पुलिसिंग करने के लक्ष्य के साथ पुलिस विभाग द्वारा जनता के बीच जाकर जनसंवाद किया जाता है ताकि जनता व पुलिस के बीच अच्छा समन्वयक बना रहे लेकिन इसके लिये पुलिस अधिकारियों को भी अपने खाकी के अहंकार को दूर रख संवेदनशील बनना होगा। दरअसल शहर में गत दिवस कार सवार द्वारा थूंकने पर उसके छींटे बगल से जा रहे पुलिस विभाग के एसआई के ऊपर पड़ गये। इतने पर से गुस्साये एसआई श्री गायकवाड ने जिला जेल के सामने चालक को पीटा जब मौका पाकर चालक वहां से भाग तो उन्होने कार को अस्पताल चौराहे पर रोका व चालक के साथ गालियां देकर मारपीट की। कार में महिला व बच्चे भी सवार थे जो घबरा गये। महिला गिड़गिडाती रही व बच्चे रोते रहे लेकिन एसआई नहीं रूका। बाद में मौके पर मौजदू मीडियाकर्मी व जागरूक लोगो ने जब पूरा मामले की जानकारी ली एसआई महोदय भी शांत हो गये। इस दौरान लोगो न एसआई के खिलाफ नारेबाजी भी की। जानकारी मिलने पर कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। पीडित परिवार भी डर के कारण बिना किसी शिकायत के अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गया। पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने एसआई श्री गायकवाड़ को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस महकमे में इस प्रकार की असंवेदनशीलता के कारण जनता पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित नही हो पाते है।

# भूसे से भरी पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल



हरिभूमिन्यूज:बनवार

नोहटा थाना रोड़ बनवार रोड पर धुनगी और चिलौद तिराहे के बीचों बीच मंगलवार की दिन रात्रि एक दुर्घटना में, भूसे से भरी एक पिकअप ने दो बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और दो अन्य बाइक सवार ने एक किशोरी और एक व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजा पटना से रोड़ कच्छवारे में बारात में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को रोड की ओर से भूसे से लोड पिककप क्रमांक एमपी 20 ,2482 से टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक से सवार कल्लू पटेल उम्र 50 वर्ष के सिर एवं सीने ने गंभीर चोट आने से अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए थे। उनके साथ में बाइक में बैठी ललता पटेल को हाथों में चोटें आई। और सड़क पर भीड़ जमा थी वही दूसरी बाइक में जगनेंद्र पटेल को भी मामूली चोटे आई है। गंभीर रूप से घायल कल्लू पटेल को बारात की निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही घटना स्थल से पिककप चालक पिककप को धुनगी तिराहे पर सड़क किनारे खड़ी करके फरार हो गया है। घटना की सूचना नोहटा थाना के बीट प्रभारी पवन तिवारी को दी गई। जिसके पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें प्रतिबंध की वावजूद रोड़ बनवार क्षेत्र से भूसे से ओवरलोड वाहन बे रोक टोक से दौड़ रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटना हो रही और पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध भूसे के परिवहन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## पक्षियों के लिए दाना पानी एवं सकोरे रखे



**दमोह।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रिय कारिणी संभाग आदिनाथ शाखा दमोह द्वारा पक्षियों के लिए दाना पानी एवं सकोरे रखे गए। सर्वत्र भीषण गर्मी का माहौल है। हर कंठ को पानी की तलाश है, चाहे वह पशु पक्षी हो या हम इंसान। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के प्राणियों के लिए भी ऐसा इंतजाम करें कि कोई भी दाना पानी के अभाव में दम ना तोड़ दें। ऐसी संवेदनशीलता दर्शाते हुए आदिनाथ शाखा की बहनों ने कांच मंदिर के पास पक्षियों के लिए दाना पानी रखने का पुण्य कार्य किया। परम संरक्षक श्रीमती साधना जैन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन मंत्री श्रीमती नेहा बजाज, चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चौधरी, चेयरपर्सन श्रीमती दीप्ति जैन, अध्यक्ष श्रीमती मनीषा खजरी, सचिव श्रीमती मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन के साथ ही श्रीमती छाया, प्रियंका, मणी, संस्कृति, दीपांशी, सुरभि, नेहा, प्रिंसी आदि बहनों ने भी अपने घर की छतों पर अनाज और पानी के सकोरे रखकर अपनी सहभागिता प्रदान की। हमारी बहनों के मन में यह दया भाव हमेशा बना रहे यही हमारी कामना है।

## विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के बल पर अच्छा प्रदर्शन करते हुये प्रदेश को गौरवान्वित करते हैं-कलेक्टर

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों का किया पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमाला से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं और 12 वीं के रिजल्ट जारी हो चुके हैं, दमोह जिले के दो छात्रों एवं एक छात्रा ने प्रवीण सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। इन विद्यार्थियों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने चेम्बर में पुष्प गुच्छ एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जब जिले के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के बल पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित करते है। इसी सिलसिले में दमोह जिले के विद्यार्थियों से आज मुलाकात हुई और विद्यार्थियों को शुभकामनाऍं दी है। विद्यार्थियों से चर्चा करने पर तीनों विद्यार्थियों ने बताया दो छात्र इंजीनियर बनना चाहते है, एक छात्रा डॉक्टर बनना चाहती है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हर संभव प्रयास करेंगे, ऐसे बच्चे पूरे जिले के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों, माता-पिता व टीचर्स को बधाई और शुभकामनाऍं दी। छात्रा गार्गी अग्रवाल ने बताया नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से 12 वीं कक्षा में जीव विज्ञान संकाय से पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आज कलेक्टर सर से मुलाकात हुई, पुष्प गुच्छ भेंट किया है, इससे मुझे बहुत मोटीवेशन मिला है। मै आगे अपने माता- पिता का नाम रोशन करूंगी। छात्र भानु सिंह ठाकुर ने कहा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से 8 वॉं स्थान पूरे मध्यप्रदेश में प्राप्त किया है। मेरे पिता किसान है, और मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नही है, मैनें कलेक्टर सर से कोचिंग के लिये मदद करने का आग्रह किया है, कलेक्टर सर ने मुझे आश्वस्त किया है की पढ़ाई में मदद की जायेगी। छात्र दिव्यांश यादव ने कहा, मै मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल जबेरा का छात्र हूॅ मैं 98 प्रतिशत के साथ पूरे मध्यप्रदेश में 10 वॉं स्थान अर्जित किया है। इसमें मुझे प्राचार्य और उप प्राचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इससे मुझे कलेक्टर सर से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, सम्मान प्राप्त हुआ है।

# प्राचीन बावड़ी की सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश

### प्राचीन बावड़ी में जन सहभागिता से किया गया दो घंटे तक श्रमदान

हरिभूमि ▶▶ जबेरा/सिग्रामपुर



जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कोड़ाकलां में श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई। यह बावड़ी लगभग 200 वर्ष पुरानी बताई जा रही है। संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया ने बताया कि ऐसी ऐतिहासिक जल संरचनाओं का संरक्षण करना आवश्यक है और ग्रामवासियों को समय-समय पर इनकी सफाई करनी चाहिए, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। इस अवसर पर जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने जल संरक्षण के व्यावहारिक उपाय, पौधारोपण, पानी का विवेक पूर्ण उपयोग आदि पर चर्चा की गईं। श्रमदान के उपरांत सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र राय ने ग्रामवासियों के सहयोग से बावड़ी की सफाई करवाई। उन्होंने इसे ग्राम की सांस्कृतिक धरोहर बताया।श्रमदान में सहभागी सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अभियान में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन, पंचायत सचिव प्रशांत विश्वकर्मा, सहायक सचिव सुखलाल अहीरवाल, नवांकुर संस्था व जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सचेंद्र रजक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अभय राय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं युवा कार्यकर्ता जैसे नितेश साहू, रत्नेश सिंह, लीलाधर, नंदू पटेल, राजा सिंह, किरण सिंह, संदीप चौधरी, बृजेश पटेल, प्रिंस राय, आशीष सिंह, शिक्षक बाबूलाल रजक, कपिल साहू, संतू ठाकुर, मनोज विश्वकर्मा आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल की परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी,विकासखण्ड पटेरा,जिला दमोह के अनेक छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय,विकासखंड एवं जिले को गौरान्वित किया है। छात्र-छात्राओं में दिव्यांशी पटैल 94.4%, रक्षा पटैल 92.8%, प्रियांशी पटैल 91.8%, माही भारद्वाज 90.2%, अंशिका पटैल 89%, प्रशांत पटैल 88.6%, हिमांशु पटैल 87.2%, अंसार खान 86.2%, भैरवी कुशवाहा 85.6%, आशिका राजपूत,85.4%, गायत्री पटैल 83.6% महिमा चौबे 82.8% चंदन लोधी 81.6% , प्रियांशी पटैल 79.2%, प्रतिमा राठौर 78.4%, खुशी कुर्मी 78%, रागनी विश्वकर्मा 77.4 और दीपा पटैल ने 74.2% अंक प्राप्त किये हैं। इसके अलावा शेष सभी विद्यार्थी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 57% रहा है। अनुत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को द्वितीय चरण की परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु आज से ही कवायद शुरू कर दी गई है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश गूजरे, शिक्षक कैलाश कुर्मी, जितेंद्र नामदेव, कपिल साहू, मनोहर पटैल, इमरत अहिरवाल,सुषमा पौराणिक एवं याशिका सोनी और सभी छात्र-छात्राओं को चौतरफा बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश गूजरे ने इस सफलता का श्रेय शिक्षक कैलाश कुर्मी सहित विद्यालय में पदस्थ समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के अथक परिश्रम को दिया है।